कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतना (म.प्र.)

// ज्ञापन //

क्रमांक................/चार–1–1/69 सतना, दिनांक : /02/2024

प्रति,

संचालक,
जनसम्पर्क संचालनालय,
टैगोर मार्ग, बाणगंगा
भोपाल, म.प्र.।

विषय :– जिला न्यायालय सतना एवं मैहर परिसर में कैंटीन संचालन हेतु निविदा आमंत्रण के प्रकाशन बावत्।

–––––00–––––

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है, कि जिला न्यायालय सतना परिसर एवं व्यवहार न्यायालय मैहर परिसर स्थित कैंटीन संचालन बावत् निविदा आमंत्रित की जा रही है।

अतः जिला न्यायालय सतना एवं मैहर परिसर में ''कैंटीन संचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना'' मूलतः 03 प्रतियों में संलग्न प्रेषित कर यथाआदेश निवेदन है, कि जिला सतना में प्रकाशित कम से कम 02 स्थानीय समाचार–पत्रों में उक्त निविदा आमंत्रण की सूचना दिनांक 01.01.24 के पूर्व प्रकाशित कराए जाने का कष्ट करें।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

941

वास्ते–प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
सतना (म.प्र.)

क्रमांक.....4030(1)/चार–1–1/69 सतना, दिनांक :01/02/2024

प्रतिलिपिः–

जे.एस.ए., कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सतना की ओर जिला न्यायालय सतना एवं मैहर परिसर में ''कैंटीन संचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना'' मूलतः संलग्न प्रेषित कर यथाआदेश निर्देशित किया जाता है, कि उक्त निविदा आमंत्रण की सूचना मान्नीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर के वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

वास्ते–प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
सतना (म.प्र.)

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सतना, म.प्र.
//कैंटीन संचालन हेतु द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना//

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि जिला न्यायालय सतना तथा व्यवहार न्यायालय, मैहर में स्थित कैंटीन संचालन हेतु इच्छुक संस्थाओं, व्यक्तियों एवं कम्पनियों से निविदा प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। कैंटीन संचालन के इच्छुक प्रतिभागी इस निविदा के प्रकाशन के दिनांक से **01.03.2024** तक जिला न्यायालय, सतना के नजारत अनुभाग से अप्रतिदेय (नॉन रिफंडेबल) आवेदन शुल्क 1000/– रू. (रूपए एक हजार मात्र) का डी.डी./नगद जमा कर अनुबंध की शर्तों एवं आवेदन का प्रारूप प्राप्त कर सकते हैं। पूर्ण रूप से भरे हुए निविदा फार्म आवेदन पत्र दिनांक **01.03.2024** तक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सतना के कार्यालय में कार्यालयीन समय के अन्दर स्वयं/डाक के माध्यम से जमा किए जा सकते हैं। निविदा **दिनांक 02.03.2024 को दोपहर 02:00 बजे** निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी।

वास्ते--प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
जिला सतना, म.प्र.